आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 05.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नाम वापसी का कल अंतिम दिन।

2– नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र।

3– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल छत्तीसगढ़ आकर डोंगरगढ़ में स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में आचार्य विद्यासागर जी के स्मृति महोत्सव में शामिल होंगे।

4– दंतेवाड़ा जिले में पांच महिला सहित कुल छह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।

पंचायत चुनाव–नामांकन

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल छह फरवरी नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इससे पहले, कल चार फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की गई। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी।

कांग्रेस–घोषणा पत्र

नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने इसे "जन घोषणा पत्र" का नाम दिया है। घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के अलावा महिलाओं के लिए कई घोषणाएं कीं।

इसके अलावा कांग्रेस ने श्रद्धांजलि राशि योजना के तहत बीपीएल कार्डधारियों को पांच हजार रूपये देने की घोषणा की है। वहीं, प्रत्येक निकाय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्व–सुविधायुक्त निःशुल्क लायब्रेरी खोलने की बात कही है। सभी सरकारी स्कूल और आत्मानंद स्कूलों में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास करने का वादा किया है।

दूसरी ओर, कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के 'अटल संकल्प पत्र' की कॉपी बताया है। उन्होंने कांग्रेस पर पिछले नगरीय निकाय चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं करने का भी आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री–कोरबा

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। इन चुनावों के लिए प्रचार अब तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी भी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कोरबा में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी 'अटल विश्वास पत्र' का एक–एक वादा पूरा किया जाएगा।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपना थीम सॉन्ग लॉन्च किया। इस थीम सॉन्ग को छत्तीसगढ़ी, रैप सॉन्ग और अन्य शैलियों में बनाया गया है।

नगर निगम–प्रोफाइल

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की कड़ी में आज हम आपको चिरमिरी और धमतरी नगर निगम के बारे में बताएंगे।

अमित शाह–छत्तीसगढ़

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल छह फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे। श्री शाह नई दिल्ली से विशेष विमान द्वारा दोपहर करीब साढ़े बारह रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से डोंगरगढ़ पहुंचकर वहां से सड़क मार्ग द्वारा चंद्रगिरी तीर्थ जाएंगे। श्री शाह यहां आचार्य विद्यासागर जी महाराज के 'प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव और श्री एक हजार आठ सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल होंगे। इसके बाद श्री शाह विद्यायतन समाधि स्मारक चन्द्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में आयोजित विनयांजलि समारोह में भी शामिल होंगे। समारोह के बाद श्री शाह सड़क मार्ग से छोटी बम्लेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर वहां दर्शन–पूजन करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री रायपुर आकर शाम करीब चार बजे दिल्ली लौट जाएंगे।

अरूण देव गौतम–पदभार

राज्य के नये पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने पदभार संभाल लिया है। श्री गौतम भारतीय पुलिस सेवा के उन्नीस सौ बयानवे बैच के अधिकारी हैं।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि पुलिसकर्मी, जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करें।

माओवादी आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में पांच महिला सहित कुल छह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। ये सभी माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी के सदस्य बताए जाते हैं। इन पर सड़क खोदने, माओवादी बैनर और पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत् पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

वहीं, इसी जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में माओवादियों ने ककाड़ी गांव के रहने वाले एक ग्रामीण की हत्या कर दी है।

इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने कांकेर जिले से चार माओवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि ये लोग माओवादियों के लिए आश्रय स्थलों की व्यवस्था करने के साथ ही उन्हें विस्फोटक, डेटोनेटर और अन्य सामग्रियों की आपूर्ति किया करते थे।

भारत रंग महोत्सव

खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में स्थित ऑडिटोरियम में कल से भारत रंग महोत्सव की शुरूआत हो गई है। इस महोत्सव का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर ने किया।

दुर्घटना

धमतरी जिले के ग्राम चर्रा स्थित एग्रीकल्चर कालेज के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से उसमें सवार एक नाबालिग समेत तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। इस घटना में एक अन्य युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, बलौदाबाजार जिले के खैंदा गांव में आज हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर गिट्टी खाली करके ग्राम खैंदा की ओर लौट

रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रॉली में बैठे एक नाबालिग और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम नारी के रहने वाले थे।

इधर, सक्ती जिले में आमागोलाई के पास हाईवा ने दो मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

लेजेन्ड–90 क्रिकेट लीग

रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल छह फरवरी से लेजेन्ड–90 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह फरवरी तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

स्थानीय अवकाश–घोषणा

राज्य सरकार ने नवा रायपुर अटल नगर और रायपुर शहर के सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश की घोषणा कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गणेश चतुर्थी पर सत्ताईस अगस्त, महाअष्टमी पर तीस सितंबर और गोवर्धन पूजा के दिन इक्कीस अक्टूबर को स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंक, कोषालय और उप–कोषालय कार्यालयों के लिए लागू नहीं होगा।

संक्षिप्त समाचार

– विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर विभाग के लिए
तीन सीट स्वीकृत की हैं।

– प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धलुओं के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सात और आठ फरवरी को टूण्डला–नेताजी सुभाष चंद्र बोस कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

– बलौदाबाजार अग्निकांड मामले में पिछले सत्तर दिनों से जेल में बंद छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप मिरी को सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई।

– बलौदाबाजार जिले की गिधौरी थाना पुलिस ने फोन–पे के माध्यम से एक लाख रूपये की राशि धोखाधड़ी करके अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

– मौसम विभाग ने छह और सात फरवरी को प्रदेश के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>